प्रकाशनार्थ

पटना, 05 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आद्री-स्थित सेंटर फाॅर स्टडीज आॅन एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट (सीएसईसी), पटना के पर्यावरण, सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम (ईआइएसीपी) केंद्र द्वारा आज जागरूकता-सह-संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इस वर्ष की थीम "भूमि पुनस्र्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा निपटाव" विषय पर आधारित था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार में स्कूली छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर, ईआइएसीपी केंद्र ने किलकारी बिहार बाल भवन, और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटना सदर, कुर्जी, पटना में विश्व पर्यावरण दिवस की थीम पर ड्राइंग, क्राफ्ट, पत्रलेखन और लघु नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस अवसर पर किलकारी बिहार बाल भवन और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में थीम आधारित प्रतियोगिता में कुल 366 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सभी विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता कार्यक्रम के उपरान्त सीएसईसी की पूजा कुमारी ने एक वीडियो प्रस्तुति दी और जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर सीएसईसी-आद्री से डा. सुनील कुमार गुप्ता, अंशुमान, गुलशन, संजीव और विभाष दत्ता भी उपस्थित थे। किलकारी से दिग्विजय,

अंकिता, रुपेश और अन्य शामिल थे। सीएसईसी-आद्री के डा. सुनील गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

;अंजनी कुमार वर्मा)